युवा देश को समृद्धि और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने में योगदान करें : लोक सभा अध्यक्ष

***

युवा संसद नेशन फ़र्स्ट के संकल्प के साथ लोकतन्त्र के सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी : लोक सभा अध्यक्ष

***

जिस प्रकार लाल बहादुर शास्त्री ने खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त किया, उसी तरह प्रधान मंत्री आत्मनिर्भर भारत के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं ; लोक सभा अध्यक्ष

***

एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने के कार्य में युवाओं को शामिल करने के लिए इस वर्ष नई पहलें की गई हैं : किरेन रिजीजू

**

नई दिल्ली, 11 जनवरी, 2021 : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में युवा कार्य और खेल मंत्रालय और लोक सभा सचिवालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद 2021 के अंतिम चरण के उदघाटन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित किया। युवा कार्य और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री किरेन रिजीजू और लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस बात का उल्लेख करते हुए कि लोकतन्त्र के प्रति लोगों के विश्वास में लगातार वृद्धि हुई है, श्री बिरला ने कहा कि पिछले सात दशकों की यात्रा में भारत का लोकतन्त्र निरंतर सशक्त और समृद्ध हुआ है। श्री बिरला ने यह भी कहा कि हमारे लोकतन्त्र की परिपक्वता का पता इस बात से भी चलता है कि हमारे यहाँ सत्ता परिवर्तन हमेशा सुचारु रूप से और लोकतान्त्रिक परम्पराओं के अनुसार हुआ है।

युवाओं और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की बात करते हुए श्री बिरला ने कहा कि स्वतन्त्रता के पूर्व युवाओं ने बलिदान देकर देश को आजाद कराया था। इसी तरह आज युवाओं को भारत को समृद्धि और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करना होगा। श्री बिरला ने कहा कि देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए यह आवश्यक है कि युवा इस कार्य में योगदान करें। यही उनका दायित्व भी है और कर्तव्य भी है। उन्होने यह भी कहा कि प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी ने 2017 में मन की बात कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और नई सोच के माध्यम से देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे युवाओं को एक नई दिशा दी थी। श्री बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में देश के नौजवान अपनी बौद्धिक क्षमता, तकनीकी ज्ञान और कौशल के माध्यम से नवाचार आधारित विश्व में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

श्री बिरला ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में हम अपने विचारों और अनुभवों को साझा करते हैं। उन पर वाद-विवाद और विमर्श करते हैं तथा व्यापक चर्चा के बाद किसी निष्कर्ष पर पहुंचते हैं। यही लोकतांत्रिक व्यवस्था की ताकत है जो सबको अपने मत को प्रकट करने का अधिकार देती है। उन्होने यह आशा व्यक्त की कि युवा संसद नेशन फ़र्स्ट के संकल्प के साथ लोकतन्त्र के सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इससे पहले पूर्व प्रधान मंत्री, श्री लाल बहादुर शास्त्री जिनकी आज पुण्यतिथि है, के राष्ट्र के प्रति योगदान का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि शास्त्री जी सादगी और दृढ़ता की मिसाल थे और उन्होने हमारे देश की सुरक्षा के लिए दिन-रात काम करने वाले जवानों और किसानों के लिए 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया। श्री बिरला ने कहा कि जिस प्रकार शास्त्री जी ने खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त किया, उसी तरह प्रधान मंत्री आत्मनिर्भर भारत के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

श्री बिरला ने राष्ट्रीय युवा संसद 2021 के अंतिम चरण में प्रतिस्पर्धा कर रहे युवा नेताओं से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया। श्री बिरला ने लोक सभा सचिवालय को यह निदेश दिया कि इन युवा प्रतिभागियों को संसद के काम-काज के बारे में जानकारी दी जाए ताकि वे लोकतान्त्रिक कार्यकरण को बेहतर ढंग से समझ सकें।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, श्री किरेन रिजीजू ने कहा कि यह वास्तव में एक ऐतिहासिक क्षण है कि हमारे देश के युवा भारतीय लोकतन्त्र के मंदिर में राष्ट्रीय युवा संसद में भाग ले रहे हैं। उन्होने लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला को ऐसा अद्वितीय अवसर उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया। यह टिप्पणी करते हुए कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, श्री रिजीजू ने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने के कार्य में युवाओं को शामिल करने के लिए इस वर्ष नई पहलें की गई हैं। उन्होने यह भी कहा कि पूरे देश से युवाओं ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2021 में बढ़चढ़ कर भाग लिया। उन्होने यह आशा व्यक्त की कि इस कार्यक्रम से उन्हें अपने सामाजिक और आर्थिक विचार साझा करने के लिए मंच मिलेगा और लोकतान्त्रिक मूल्यों को आत्मसात करने में मदद मिलेगी। उनके लिए यह वास्तव में यादगार अवसर होगा।

कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्जवलन हुआ। इसके बाद लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह; युवा कार्य और खेल मंत्रालय की सचिव, सुश्री उषा शर्मा ने विशिष्टजनों और प्रतिभागियों को संबोधित किया। युवा कार्य और खेल मंत्रालय के सचिव, श्री रवि मित्तल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस महोत्सव के समापन सत्र का आयोजन कल किया जाएगा। प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी युवा प्रतिभागियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे और उनसे बातचीत करेंगे। लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला भी समापन सत्र में शामिल होंगे।

इस महोत्सव में पूरे देश से बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। जिला और राज्य स्तर पर विजयी रहने वाले 84 प्रतिभागी अंतिम चरण में शामिल हो रहे हैं। अंतिम चरण के निर्णायकमण्डल में संसद सदस्य (राज्य सभा), श्रीमती

रूपा गांगुली; संसद सदस्य (लोक सभा), श्री प्रवेश साहिब सिंह तथा वरिष्ठ पत्रकार और लेखक, श्री प्रफुल्ल केटकर शामिल हैं।